बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

बीईएमएल लिमिटेड ने भारतीय सेना को 15 एम सर्वत्र ब्रिज सिस्टम को सौंप दिया

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम है, ने भारतीय सेना को 15एम सर्वत्र ब्रिज सिस्टम का पहला सेट सौंपा। दि.11.11.2019 को बीईएमएल पालक्काड़ कॉम्प्लेक्स, केरल में संपन्न समारोह में, कॉम्बैट इंजीनियरों ने श्री आर एच मुरलीधरा, निदेशक रक्षा – व्यवसाय, बीईएमएल से मेजर जनरल एस राधाकृष्णन, महानिदेशक ने भारतीय सेना की ओर से उक्त सिस्टम प्राप्त किया। बीईएमएल को सर्वत्र ब्रिजिंग सिस्टम के 22 सेटों के ऑर्डर मिले हैं और अक्तूबर - 19 महीने में थोक उत्पादन क्लीयरेंस प्राप्त हुआ है।

श्री आर.आर. मुरलीधरा, निदेशक (रक्षा), द्वारा मेजर जनरल एस राधाकृष्णन, डीजी (सीई) सेना मुख्यालय को चाबी सौंपते हुए

सर्वत्र बीईएमएल टाट्रा 8 x 8 ट्रक पर माउंट किया जाता है, मल्टी-स्पैन, मोबाइल ब्रिजिंग सिस्टम को स्वदेशी रूप से भारतीय सेना के लिए डीआरडीओ के आर & डीई (इंजीनियर्स) द्वारा डिज़ाइन किया गया है और बीईएमएल द्वारा निर्मित है।

सर्वत्र ब्रिज सिस्टम एक त्वरित लॉन्चिंग ब्रिज सिस्टम है, जो डबल संचालित उन्नत हाइड्रॉलिक तंत्रों की सहायता से युद्ध क्षेत्र पर गीली और सूखी बाधाओं पर कार्य करने में मदद करता है। यह भारी बोझ वर्ग के लिए डिज़ाइन किया गया है, एमबीटी अर्जुन सहित सभी वाहनों पर कार्य करने में सक्षम है। सर्वत्र ब्रिजिंग सिस्टम बीईएमएल के निर्माण के लिए एल & टी, पुणे, डंटाल हाइड्रॉलिक्स एवं ऑस्कर उपकरण, कोलकाता द्वारा समर्थित है।

सर्वत्रा ब्रिज सिस्टम के 3 सेट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

सर्वत्र ब्रिज में ब्रिज स्ट्रक्चर, लॉन्चिंग मैकेनिज्म, हाइड्रॉलिक्स और इलेक्ट्रिकल सिस्टम, पियर सिस्टम शामिल हैं।

सर्वत्र ब्रिज सिस्टम

बीईएमएल पालक्काड़ कॉम्प्लेक्स भारतीय सेना को रडार, मिसाइल लांचर, गोला बारूद वाहक, टैंक ट्रांसपोर्टर्स्, कमांड पोस्ट वाहन, ब्रिज लेइंग वाहन, आदि जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए हेवी ड्यूटी सर्व इलाके के ट्रक का निर्माण और आपूर्ति करता है।

11 नवंबर 2019 बीईएमएल द्वारा एक रिलीज़